CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 02-20-2026 22:50 Color:



# NEET(UG) में NTA को 24 लाख से ज्यादा आवेदनों की उम्मीद

AI image



Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET (UG)-2026 देश के 552 शहरों में आयोजित की जाएगी। एग्जाम सेंटरों की संख्या इस बार 5500 से भी ज्यादा हो सकती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट में 24 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स के आवेदन आने की उम्मीद है। इसी को ध्यान में रखते हुए एजेंसी अभी से ही एग्जामिनेशन सेंटरों की मैपिंग कर रही है। 2025 में जिन एग्जाम सेंटरों के खिलाफ शिकायतें आई थी, उनको इस बार लिस्ट से बाहर रखा जाएगा। 2026 में MBBS की सीटों में भी इजाफा होगा, इसको देखते हुए आवेदनों की संख्या में बढ़ोतरी की संभावना है। NEET (UG) के लिए 8 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। बीते गुरुवार तक साढ़े पांच लाख से ज्यादा आवेदन हो चुके हैं। एक अधिकारी ने कहा कि छात्रों को सलाह है, वे आवेदन करने के लिए आखिरी दिनों का इंतजार न करें। 3 मई को एग्जाम होगा।

**गुरुवार तक 5.5 लाख+ रजिस्ट्रेशन, 8 मार्च है लास्ट डेट**

**MBBS की सीटों में इजाफा होगा:** नैशनल मेडिकल कमिशन के पास नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कोर्स शुरू करने, पुराने कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाने के आवेदन आए हैं। देश में अगले 5 वर्षों में 75,000 मेडिकल सीटों के इजाफे का लक्ष्य रखा गया है।

## NEET (PG) के पैटर्न की समीक्षा

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

सरकार के लिए NEET (PG) एग्जाम पैटर्न में सुधार एक बड़ी चुनौती है। हजारों सीटें खाली रहने के बाद कट-ऑफ को माइनस 40 तक किए जाने को लेकर काफी सवाल उठे थे। सरकार ने इस मसले को बहुत गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि NEET (PG) के एग्जाम पैटर्न में सुधार के लिए सरकार प्रयास कर रही है। इसके लिए विशेषज्ञ भी लगातार चर्चा कर रहे हैं। आने वाले एग्जाम में परीक्षा सुधार देखने को मिल सकते हैं। मेडिकल एजुकेशन की क्वॉलिटी के साथ कोई समझौता न हो, सीटें भी खाली न रहें और एडमिशन प्रक्रिया पारदर्शी हो, इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सुधार करने होंगे।

# झारखंड: सारंडा के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन शुरू

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च तक देश को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य घोषित किया है। इसे पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों ने एंटी नक्सल अभियान तेज कर दिया है। छत्तीसगढ़ के करेगुट्टा हिल्स में चल रहे केजीएच-2 ऑपरेशन की तर्ज पर झारखंड में भी पुलिस की खास जगुआर यूनिट ने चाईबासा के दुर्गम सारंडा जंगलों में स्पेशल ड्राइव शुरू की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर के पास नक्सलियों की सेंट्रल कमिटी के टॉप लीडर नंबर-1 देवजी उर्फ थिप्परी तिरुपति की मूवमेंट के इनपुट मिल रहे हैं। इसी तरह झारखंड के सारंडा इलाके में सेंट्रल कमिटी में नंबर-2 माने जाने वाले एक करोड़ रुपये से अधिक के इनामी मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर के अपने करीब 50 साथियों के साथ छिपे होने की सूचना है। इसे देखते हुए झारखंड पुलिस की जगुआर यूनिट ने सीआरपीएफ और अन्य फोर्स के साथ मिलकर सघन सर्च अभियान शुरू किया है। यूनिट के आईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि झारखंड में बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां, लुगु झुमरा और कोल्हान इलाके को पहले ही नक्सल फ्री किया जा चुका है।

File Photo



# अप्रैल से बंद हो सकता है टोल पर कैश लेनदेन


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देशभर में** स्थित एनएचएआई के 1150 से अधिक टोल प्लाजाओं पर आगामी एक अप्रैल से टोल का लेन-देन पूरी तरह से डिजिटल करने की तैयारी की जा रही है। इसमें नकद लेनदेन को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। ऐसा सिस्टम को और पारदर्शी बनाने के अलावा कैश लेनदेन से टोल प्लाजा पर लगने वाली लाइनों, होने वाले झगड़ों और ट्रैफिक को आराम से निकल जाने के मकसद से किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा समय में एनएचएआई की टोल रोड और एक्सप्रेस-वे पर टोल का भुगतान 98 प्रतिशत से अधिक फास्टैग के उपयोग से हो रहा है। टोल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा गाड़ियों में लगे आरएफआईडी-सक्षम फास्टैग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से होता है। इसके अलावा यूपीआई भुगतान सुविधा भी शुरू है।











CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 21-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-20-2026 21:52 Color:



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in